संख्या- 15/1628 ई-2/तेरह-2014- 93/2004

प्रेषक,

सुनील कुमार पाण्डेय,
अनुसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

जिलाधिकारी,
मुरादाबाद।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 18 सितम्बर,2014

विषय: मयूर बार एण्ड रेस्टोरेन्ट चन्दौसी रोड, बिलारी, जनपद मुरादाबाद को एफ0एल0-7 बार अनुज्ञापन स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आबकारी आयुक्त को प्रेषित तथा शासन को पृष्ठांकित अपने पत्र संख्या- 281/एफ0एल0-7/ बार अनुज्ञापन/ मुरादाबाद दिनांक 08 अगस्त, 2014 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त सन्दर्भित पत्र दिनांक 08 अगस्त, 2014 के साथ प्राप्त आयुक्त, मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला बार समिति की बैठक दिनांक 08 अगस्त, 2014 एवं जिला बार समिति द्वारा की गई संस्तुति तथा इसी सन्दर्भ में आबकारी आयुक्त, उ0 प्र0 इलाहाबाद के पत्र संख्या- जी-73/दस- लाइसेंस-68/खण्ड-3/एफ0 एल0 6,7/बार अनु0/मुरादाबाद दिनांक 20 अगस्त, 2014 में की गई संस्तुति तथा अन्य समस्त सुसंगत अभिलेखों पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त वर्ष 2014-15 के लिये श्रीमती ज्योति आहूजा पत्नी श्री राकेश आहूजा निवासी 24 पी0ए0सी0 राजन इन्कलेव सिविल लाइन्स,

http://sirsanadesh.up.nic.in

मुरादाबाद के नाम मयूर बार एवं रेस्टोरेन्ट चन्दौसी रोड, बिलारी, जनपद मुरादाबाद में एफ0एल0-7 बार अनुज्ञापन स्वीकृत करने की एतदद्वारा अनुमति प्रदान की जाती है।

कृपया इस सम्बन्ध में नियमानुसार आगामी आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

ह0/-

(सुनील कुमार पाण्डेय)

अनुसचिव।

संख्या- 15/1628(1) ई-2/तेरह-2014- 93/2004 तददिनांक

प्रतिलिपि आबकारी आयुक्त को उनके पत्र संख्या- जी-73/दस-लाइसेंस-68/खण्ड-3/एफ0 एल0 6,7/बार अनु0/मुरादाबाद दिनांक 20 अगस्त, 2014 के सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं नियमानुसार अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

आज्ञा से,

ह0/-

(सुनील कुमार पाण्डेय)

अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in